पुस्तकालय

3120
10/3/11

सत्यमेव जयते

असंशोधित

11 MAR 2011

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

### (भाग 1—कार्यवाही—प्रश्नोत्तर)

प्रतिवेदन शाखा
पी०सं०प्र०सं०......156......तिथि........27-3-11

...मु० (लि०ए०माध्यम) 163—मोनो—1,000

तारांकित प्रश्न सं०-१९४(श्रीमती लेशी सिंह,स०वि०स०)

श्री प्रशांत कुमार शाही,मंत्री : महोदय, खंड-१ उत्तर आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है ।

वस्तुस्थिति यह है कि चौरी परती पोखर टोला एवं चौरी परती मुसहरी टोला दोनों एक ही है । जगनीसी टोला से आधा कि०मी० की दूरी पर कटहा चौरी परती पोखर टोला अवस्थित है । विभागीय प्रावधान के अनुसार एक कि०मी० की परिधि में नये प्राथमिक विद्यालय खोलने का प्रावधान है । के०नगर प्रखंड के जगनी पंचायत में चौरी परती पोखर टोला में वित्तीय वर्ष २०१०-११ में नये प्राथमिक विद्यालय खोलने हेतु कार्रवाई की जा रही है एवं वहां शीघ्र विद्यालय प्रारंभ कर दिया जायेगा । अतः जगनीसी टोला में नियमानुसार विद्यालय नहीं खोला जा सकता है ।

खंड-२ वस्तुस्थिति यह है कि वार्षिक कार्य योजना २०११-१२ में नये विद्यालय खोलने हेतु धमदाहा प्रखंड के सतमी विन्द टोला का नाम सम्मिलित है, इसके लिए नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी ।

तारांकित प्रश्न सं०-१९५(श्री सम्राट चौधरी उर्फ रोकेश कुमार,स०वि०स०)

श्री प्रशांत कुमार शाही,मंत्री : महोदय, खंड-१ उत्तर आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है । सरकार द्वारा सम्यक विचारोपरान्त राज्य में शिक्षकों का नियोजन पंचायत राज संस्थाओं को दिया गया है । इसके कारण शिक्षकों का नियोजन पंचायत, प्रखंड एवं नगर के नियोजन इकाईयों के द्वारा किया जाता है । नगर शिक्षक एवं प्रखंड शिक्षक को अपने ही नियोजन इकाई के अन्तर्गत सेवा काल में दो बार स्थानान्तरण लेने की सुविधा है।

खंड-२ कंडिका-१ में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है ।

तारांकित प्रश्न सं०-१९६(श्री सदानन्द सिंह,स०वि०स०)

श्री जीतन राम मांझी,मंत्री : अध्यक्ष महोदय, खंड-१ उत्तर स्वीकारात्मक है ।

खंड-२ आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है ।

खंड-३ आगामी वित्तीय वर्ष २०११-१२ में इस छात्रावास की मरम्मती करने पर विचार किया जायेगा ।